duction capacity of 180.20 lakh tonnes for 2000 AD.

(c) The information is being collected.

राष्ट्रीय बीज निगम में वेतन असमानता

1891. **श्रीमती कैलाशपति** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय बीज निगम के कर्मचारियों को समान कार्य के लिये समान वेतन नहीं दिया जाता है ;

(ख) क्या इस संबंध में निगम के कर्मचारियों ने समय-समय पर असंतोष प्रकट किया है ; और

(ग) यदि हां, तो समान कार्य के लिये समान वेतन न दिये जाने के क्या कारण हैं और कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने के लिये सरकार क्या उपचारी कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री नितिश कुमार): (क) जी, नहीं निगम में नियमित आधार पर काम करने वाले कर्मचारियों को उनके अपने-अपने वेतन-मानों के अनुसार मजदूरी दी जाती है । इसी प्रकार, दैनिक/समेकित आधार पर काम कर रहे व्यक्तियों को संबंधित राज्य सरकारों अथवा अन्य अधिसूचित प्राधिकारियों द्वारा ऐसे कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों के लिये समय-समय पर न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अनुसार निर्धारित मजदूरी से कम नहीं दी जाती है।

(ख) दैनिक/समेकित आधार पर काम कर रहे कर्मचारियों ने समय-समय पर अपने को नियमित करने एवं मजदूरी बढ़ाने की मांग की है।

(ग) इस निगम की जनशक्ति इसके प्राथमिक कार्यकलापों के लिये अपेक्षित जनशक्ति से अधिक है। 31 मार्च, 1990 को विभिन्न स्थानों पर दैनिक/समेकित आधार पर 632 व्यक्ति कार्य कर रहे थे । उन्हें अस्थायी तौर पर रखने का मुख्य कारण नियमित पदों का न होना है जिन पर उन्हें नियमित किया जा सके । राष्ट्रीय बीज निगम के लिये अपेक्षित कर्मचारियों की संख्या का मूल्यांकन राष्ट्रीय बीज परियोजना-3 को विश्व बैंक से सहायता प्राप्त स्कीम के तहत नियुक्त किये गये परामर्शदाता द्वारा किया जा रहा है। इस निगम को पहले ही लगातार हानि हो रही है और इसे देखते हुये इस समय मांगों को पूरा करना संभव नहीं हो सकता।

Import of edible oil..

1182. SHRI S.K.T. RAMACHANDRAN: Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) the quantity of edible oil imported annually in the years from 1985-86 to 1988-89;

(b) whether there is any bearing of import of edible oil on the foreign exchange strain;

(c) if so, what steps are being taken to offset this; and

(d) what steps are being taken to increase the indigenous production of oil seeds?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (SHRI RAM PUJAN PATEL): (a) The quantity of edible oil imported through STC during the years 1985-86 to 1988-89 is as under:—

Financial Year	Qty. Lakh MT
1985-86	10.80
1986-87	13.07
1987-88	19.67
1988-89	10.89

(b) Yes, Sir.